Regarding need to start immigration service at the Kakrahwa Custom Post in Siddharthnagar district, Uttar Pradesh-laid

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) **:** मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जनपद स्थित ककरहवा सीमा चौकी की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । वर्तमान में यह सीमा चौकी कस्टम संचालन के लिए खुली है, किंतु यहाँ अभी तक इमिग्रेशन सुविधा प्रारंभ नहीं की गई है । साथ ही, इस सीमा से भारी वाहनों, विशेष रूप से यात्री बसों एवं वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों के आवागमन की अनुमति नहीं है, जिससे क्षेत्र की संभावित आर्थिक गतिविधियाँ सीमित रह जाती हैं। यदि ककरहवा सीमा चौकी को पूर्ण रूप से इमिग्रेशन एंट्री प्वाइंट के रूप में विकसित किया जाए तथा यहाँ से भारी वाहनों के आवागमन की अनुमति दी जाए, तो नेपाल स्थित लुम्बिनी आने वाले अंतरराष्ट्रीय एवं घरेलू पर्यटकों, यात्रियों तथा व्यापारियों को भारत में प्रवेश हेतु तेज, सुविधाजनक एवं भौगोलिक रूप से निकट मार्ग उपलब्ध हो सकेगा । इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि सीमा पार व्यापार एवं स्थानीय वाणिज्यिक गतिविधियों में वृद्धि होगी । सिद्धार्थनगर एक आकांक्षी जिला है, जहाँ इस सुविधा विस्तार से रोजगार सृजन, व्यापार संवर्धन और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को नई गति मिल सकती है। अतः सरकार से अनुरोध है कि ककरहवा सीमा चौकी पर शीघ्र इमिग्रेशन सुविधा प्रारंभ करने तथा भारी वाहनों के आवागमन की अनुमति देने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएँ।